तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **शैतान सिंह** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 35390013 4828201	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13/01/25	अपीलार्थी शैतान सिंह निवासी प्लॉट नं. 15, गोपाल वाडी, गढ़ गोविन्द, चौपासनी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 07.11.2024 को दिनांक 17.09.2024 को हनवंत नगर बूस्टर रूम से परिहारों, इंद्रो व भूर सिंह की ढाणियों वाली पानी की टंकियों में खराब पाइप बिछाने वाली पूर्व सरपंच विद्या प्रजापत, पूर्व सरपंच पति ललित कुमार प्रजापत, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि इन्द्रा राम प्रजापत के खिलाफ उच्च स्तरीय जाच करवाने तथा रिकवरी करवाने बाबत किये गये निवेदन पर की गई संपूर्ण कार्यवाही की संपूण पत्रावली की प्रमाणित प्रतिलिपि की सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.01.13 14:13:41 IST
Reason: Approved